देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 306 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 17 जनवरी 2020

**विचार-प्रवाह...**नया नागरिकता कानून





मौसम | अधिकतम $16.0^0$ | न्यूनतम $8.0^0$

41932.56

2 इमरान खान को भारत आने का न्योता

7 किसी भी कैटिगरी में जगह नहीं मिली

# 22 को फांसी नहीं हो सकती

■नई तारीख जेल अथॉरिटीज के जवाब से तय होगा

## पटियाला हाउस कोर्ट ने डेथ वॉरंट पर रोक लगाने से इनकार कर दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने निर्भया केस के दोषी मुकेश सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि 22 जनवरी को फांसी नहीं हो सकती है। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलील मानते हुए कहा कि दोषियों को 22 जनवरी को फांसी नहीं दी जा सकती क्योंकि उनकी दया याचिका लंबित है। कोर्ट ने कहा कि दया याचिका लंबित होने के कारण डेथ वॉरंट पर स्वतः ही रोक लग गई है। कोर्ट ने कहा कि नई तारीख क्या होगी, जेल अथॉरिटीज के जवाब से तय होगा। जेल प्रशासन को शुक्रवार दोपहर साढ़े 3 बजे तक स्टेटस रिपोर्ट देनी है। पटिलाया हाउस कोर्ट ने ही 7 जनवरी को दोषियों के लिए डेथ वॉरंट जारी किया था।



### किसकी, क्या दलील

दोषी मुकेश की तरफ से वकील वृंदा ग्रोवर– दया याचिका दायर की गई है जिस पर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उनकी क्यूरेटिव पिटिशन खारिज नहीं हुई। पिटिशन तो देरी होने के कारण खारिज हुई है। दस्तावेजों पर पांच जजों की बेंच ने विचार किया। मुकेश फांसी की सजा प्राप्त दोषी है। वह अदालती प्रक्रिया से खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

**हाई कोर्ट ने दिया था निर्देश**

निर्भया के चार दोषियों में एक मुकेश ने कोर्ट से डेथ वॉरंट कैंसल करने की अपील की थी। उसने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट से यही गुहार लगाई थी, लेकिन हाई कोर्ट ने उसकी अर्जी स्वीकार नहीं की और निचली अदालत ही जाने का निर्देश दिया था। मुकेश की अपील पर पटिलाया हाउस कोर्ट ने दिल्ली सरकार और निर्भया के माता–पिता की राय मांगी थी।

**बीजेपी का आरोप**

इस बीच केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने निर्भया के दोषियों को फांसी दिए जाने में देरी का जिम्मेदार दिल्ली सरकार को ठहराया है। उन्होंने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया कि केजरीवाल सरकार ने पिछले ढाई साल से दया याचिका के लिए दोषियों को नोटिस क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि आप सरकार निर्भया को न्याय मिलने में देरी की जिम्मेदार है, वरना दोषी बहुत पहले फांसी पर चढ़ चुके होते।

गौरतलब है कि पटिलाया हाउस कोर्ट ने 7 जनवरी को निर्भया केस के चारों दोषियों मुकेश सिंह, पवन गुप्ता, अक्षय ठाकुर और विनय शर्मा के खिलाफ डेथ वॉरंट जारी किया था।

### जेल नियमों का हवाला

मुकेश ने अपनी याचिका में कहा कि उसकी दया याचिका दिल्ली के उपराज्यपाल और देश के राष्ट्रपति के पास लंबित है। ऐसे में 22 जनवरी को फांसी देने के लिए जारी डेथ वॉरंट रद्द किया जाए। हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा कि चारों दोषियों को 22 जनवरी को फांसी पर नहीं चढ़ाया जा सकता है क्योकि जेल नियमों के तहत किसी एक मामले में एक से ज्यादा दोषियों को मौत की सजा दी गई हो तो जब तक एक भी दोषी की दया याचिका लंबित हो तो उसकी याचिका पर फैसला आने तक किसी भी दोषी को फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### वोट बैंक की खातिर कुछ नेता कर रहे विरोधः अमित शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वैशाली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर संसद में चर्चा कराए जाने की मांग के बीच बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग वोट बैंक की खातिर इस कानून का विरोध कर रहे हैं। शाह ने रैली के दौरान कहा कि सीएए को राज्य में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएए के विरोध को लेकर लालू यादव, ममता बनर्जी, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये नेता देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### देविंदर के खुलासे से एजेंसियों के होश उड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों को अपनी कार में जम्मू ले जाते हुए गिरफ्तार हुए जम्मू–कश्मीर पुलिस के बर्खास्त डीएसपी देविंदर सिंह ने पुलिस पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। देविंदर ने आरोप लगाया है कि पुलिस बल में तैनात एक और वरिष्ठ अधिकारी आतंकवादियों के लिए काम कर रहे हैं। देविंदर सिंह ने माना कि उसने आतंकवादियों की मदद करके बड़ी गलती की है।

### करीम लाला से मिलती थीं इंदिरा राउत ने वापस लिया बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अंडरवर्ल्ड डॉन करीम लाला के साथ मुलाकात को लेकर दिए बयान पर बवाल के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने अपना बयान वापस ले लिया है। राउत ने कहा कि वह हमेशा से इंदिरा गांधी के समर्थन में बोलते आए हैं और उनका सम्मान करते हैं। संजय राउत ने कहा कि अगर किसी को उनके बयान से ठेस पहुंची हो तो वह अपना बयान वापस लेते है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के दबाव के चलते राउत ने यू–टर्न लिया है। संजय राउत ने कहा, कांग्रेस के जो हमारे मित्र हैं उन्हें आहत होने की जरूरत नहीं है।

### आतंकी हमले की साजिश का खुलासा, जैश के 5 आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। 26 जनवरी को जम्मू–कश्मीर में एक बड़ी आतंकी वारदात करने की साजिश रच रहे जैश–ए–मोहम्मद के पांच आतंकियों को बुधवार शाम गिरफ्तार किया गया है। जम्मू–कश्मीर पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में यह आतंकी श्रीनगर के हजरतबल इलाके से अरेस्ट किए गए हैं। इसनके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, आतंकियों के एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गुरुवार शाम हजरतबल के पास इन आतंकियों को अरेस्ट किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए आतंकी श्रीनगर में 26 जनवरी के आसपास फिदायीन या आईईडी हमले की साजिश रच रहे थे।

# चीन को भी लेना चाहिए सबकः विदेश मंत्रालय

■कश्मीर पर पाक को यूएनएससी फिर झेलनी पड़ी शर्मिंदगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन के जरिए कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उठाने की पाकिस्तान की कोशिश नाकाम होने के बाद भारत ने दोनों देशों को नसीहत दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान ने द्विपक्षीय मसले पर चर्चा के लिए यूएन के मंच का दुरुपयोग किया लेकिन उसे एक बार फिर शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। इसके साथ ही उन्होंने



कहा कि चीन को भी सबक लेना चाहिए और भविष्य में इस तरह के कदम से बचना चाहिए।

**चीन को सबक लेना चाहिए और भविष्य में ऐसे कदम से बचना चाहिएः** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन को वैश्विक आम–सहमति के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए और भविष्य में इस तरह की कार्रवाई से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक आम सहमति है कि कश्मीर द्विपक्षीय मुद्दा है। रवीश कुमार ने कहा, यह तो चीन ही बता सकता है कि वह बार–बार ऐसा क्यों कर रहा है। हमारा मानना है कि चीन को सबक लेना चाहिए और भविष्य में इस तरह के कदम से बचना चाहिए।

### संदेश स्पष्ट, पाक के बेबुनियाद आरोपों में सच्चाई नहीं

कुमार ने कहा, एक यूएनएससी सदस्य (चीन) के माध्यम से पाकिस्तान द्वारा फिर से द्विपक्षीय मामले पर चर्चा के लिए यूएन के मंच का दुरुपयोग किया गया। यूएनएससी ने कहा कि यह द्विपक्षीय मसला है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। अनौपचारिक क्लोज्ड डोर मीटिंग बिना किसी नतीजे के खत्म हो गया। जाहिर हो गया है कि पाकिस्तान के बेबुनियाद आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। उसे स्पष्ट रूप से संदेश गया है कि भारत–पाकिस्तान के बीच कोई लंबित मुद्दा है तो इस पर द्विपक्षीय बातचीत होगी।

# अमेरिकी स्टाइल में ही खत्म होगा आतंक

**प्रहार**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने कहा है कि दुनिया को आतंकवाद से मुक्त करने के लिए आतंकवादियों और उनका साथ देने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय रायसीना डायलॉग प्रोग्राम में जनरल रावत ने कहा कि आतंकवाद को अमेरिका के तरीके से ही परास्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में उन्होंने देश में लोगों को कट्टर बनाए जाने, कश्मीर में पैलेट गन के इस्तेमाल जैसे गंभीर सवालों के भी जवाब दिए।

इस बीच पैलेट गन के इस्तेमाल पर किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, श्पत्थर भी पैलेट गन जितना ही घातक है। हमने पत्थरबाजों से आजिज आकर पैलेट गन का इस्तेमाल करना शुरू किया है। पैलेट गन से पत्थरबाजों के पैरों को निशाना बनाया जाता है। चूंकि वे जमीन पर पड़े पत्थर उठाने के लिए झुकते हैं, तो उनके चेहरों पर भी पैलेट गन के छर्रे लग जाते हैं। सीडीएस ने कहा कि आर्मी पत्थरबाजों के चेहरों को निशाना नहीं बनाती है।



**स्कूलों, कॉलेजों से धार्मिक स्थलों तक चल रहा है रैडिकलाइजेशन प्रोग्राम**

सीडीएस ने कहा कि लोगों को कट्टर बनाने वालों की पहचान कर उनपर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्कूल, यूनिवर्सिटी से लेकर धार्मिक स्थलों तक में कट्टरता का पाठ पढ़ाया जा रहा है।

**आतंकवाद के हर पहलू पर हो प्रहार**

सीडीएस ने कहा, हमें आतंकवाद को खत्म करना होगा और ऐसा सिर्फ उसी तरीके से किया जा सकता है जो तरीका अमेरिका ने 9/11 हमले के बाद अपनाया। उन्होंने (अमेरिकियों ने) आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध छेड़ दिया। सीडीएस ने कहा, आतंकवाद के खात्मे के लिए आतंकवादियों के साथ–साथ उन सभी को अलग–थलग करने की जरूरत है जो आतंकवाद की फंडिंग या उसका बचाव करते हैं।

# रक्षामंत्री ने चलाई के–9 व्रज–टी तोप, बनाया स्वास्तिक का निशान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सूरत। गुजरात के दौरे पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को 51वीं के–9 व्रज–टी तोप को सूरत के हजीरा स्थित लार्सन ऐंड टुब्रो बख्तरबंद प्रणाली परिसर में हरी झंडी दिखाई। रक्षा मंत्री सिंह तोप के ऊपर सवार भी हुए और इसे हजीरा परिसर के आसपास चलाया। लार्सन ऐंड टुब्रो ने रक्षा मंत्री को के–9 वज्र–टी तोप की मारक क्षमता के विभिन्न प्रदर्शन भी दिखाए। कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने तोप के ऊपर स्वास्तिक का निशान बनाया और नारियल फोड़ा। रक्षा मंत्री ने तोप के ऊपर स्वास्तिक का निशान भी बनाया।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in